तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024

11 शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्रकृति वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर

12 चेस टूर्नामेंट में अदिति प्रदेश में प्रथम स्थान पर




# बैंगनडबरी में खाना बनाते समय फटा सिलेंडर, 4 घायल, घर में लगी आग से 70 हजार नकद जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

समीपस्थ ग्राम बैंगनडबरी में खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से एक ही परिवार की महिलाओं सहित 4 सदस्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। सिलेंडर फटने से धान बेचने से मिले 70 हजार रुपए नकद भी जलकर राख हो गया।धनीराम अजगले के अनुसार वह सोमवार को ही कसडोल से सिलेंडर रिफिल कराकर घर लेकर आया था।



शाम लगभग 6.30 बजे खाना बनाने के लिए घर की महिलाओं ने जैसे ही चूल्हा जलाया तो सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। साथ ही सिलेंडर फटते ही घर का सामान इधर- उधर बिखर गया और आग भी लग गई। आनन- फानन में लोगों ने फोन कर दमकल बुलाया और घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उनका इलाज किया गया। घायलों में घर की युग, अनु, देवकी सहित सत्यप्रकाश शामिल हैं।

### कसडोल पुलिस पहुंची

पूरा मामला कसडोल थानांतर्गत ग्राम बैगनडबरी का बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही कसडोल थाना प्रभारी रितेश मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ बंजारे, प्रधान आरक्षक द्वारिका रात्रे, आरक्षक मृतुन्जय महिलांगे, प्रताप सिंह बंजारे, श्री लहरी स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल में मौजूद घायलों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ अन्य कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की विवेचना, बाइक भी हुई क्षतिग्रस्त





### विवेचना जारी

थानांतर्गत ग्राम बैंगनडबरी में एक घर में सिलेंडर फटने की घटना हुई है। घटना में चार लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया है। सूचना मिलते ही दल घटनास्थल पर पहुंचा। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-रितेश मिश्रा
थाना प्रभारी, कसडोल।

### मेहनत की कमाई जली, वाहन में भी आग

धनीराम ने कहा बड़ी मुश्किल से खेती- किसानी कर धान की फसल बेचकर बैंक से पैसा घर लाकर रखा था, ताकि कुछ काम कराया जा सके। सिलेंडर फटने से घर में लगी आग के कारण धान बेचने से मिले 70 हजार रुपए नकद जलकर राख हो गए। इसके साथ आग ने बाइक को भी नुकसान पहुंचाया। बाइक कुछ स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तर पर प्लेसमेंट कैम्प 2 से

बलौदाबाजार। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 2 से 7 जनवरी तक जिले के प्रत्येक ब्लॉक के आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को आईटीआई सकरी, 3 जनवरी को आईटीआई पलारी, 4 जनवरी को आईटीआई असनींद, 6 जनवरी को आईटीआई देवरी एवं 7 जनवरी को आईटीआई सिमगा में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद**। सरायपाली में बैंक के सामने एक कार चालक ने बाइक चालक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 27 दिसंबर को राजेश कुमार गुप्ता अपने मोटर सायकल से पीएनबी गए थे। जब वे वापस जा रहे थे तभी दोपहर करीब 2 बजे बैंक के सामने रोड में ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 09 जेएच 2401 के चालक के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राजेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

महासमुंद। शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गधहाभांठा में एक व्यक्ति अपने घर के सामने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राधेश्याम दास पिता रत्थो दास (41 वर्ष) गधहाभांठा बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

### शहर के नागरिकों को मिले अच्छी सड़क : नपाध्यक्ष



**महासमुंद**। शहर में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में विकास कार्यों का दौर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को शहर के वार्ड 08 में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षदों ने वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा कि अपने अल्प समय के कार्यकाल में शहरवासियों को बेहतर सड़क की सुविधा मिल सके, इसके लिए लगातार शहर के वार्डों में सड़क निर्माण कार्य जारी है। भूमिपूजन में पार्षद हफीज कुरैशी, रिंकू चंद्राकर, मीना वर्मा समेत वार्डवासी मौजूद रहें।

### इनकम टैक्स विभाग में नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर बेरोजगार युवकों से करता था ठगी

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बेरोजगार युवक–युवतियों को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय ठग पर कार्रवाई करने में जिला पुलिस को सफलता मिली है। 24 दिसंबर प्रार्थी राजशाह बंजारे 36 वर्ष निवासी ग्राम पनगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अगस्त 2024 में उसे आयकर विभाग में नौकरी लगाने का झांसा आरोपी संजय अग्रवाल द्वारा 2 दो लाख रूपये की ठगी की गई है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 318, 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 66 डी आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में अपराध कायमी पश्चात थाना सिटी कोतवाली द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के उपस्थिति की जानकारी मिलने पर एक पुलिस टीम दिल्ली रवाना की गई। जहां उक्त टीम द्वारा संदेही संजय अग्रवाल की पहचान कर उसे पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय अग्रवाल उम्र 27 वर्ष निवासी औरैया उत्तर प्रदेश का होना बताया। जिससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह दिव्याश ग्लोबल आईटी प्रायवेट लिमिटेड नामक प्लेसमेंट एजेंसी के नाम से लोगों को नौकरी के लिए विज्ञापन प्रसारित करता था और लोगों को अलग–अलग विभागों में नौकरी लगाने के लिए बायोडाटा लेकर युवक–युवतियों से रजिस्ट्रेशन फीस एवं अन्य औपचारिकताओं के नाम पर रूपये–पैसे की मांग कर लोगों को फर्जी तरीके से नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी होने की प्रक्रिया बताकर ठगी करना स्वीकार किया। मामले के प्रार्थी राजशाह बंजारे को माह अगस्त एवं सितंबर 2024 में आयकर विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर 2 लाख रुपए की ठगी करना स्वीकार किया है।




### 2 नग मोबाइल बरामद

पूछताछ पर से बलौदाबाजार निवासी विनय गायकवाड़ को बैंक में नौकरी लगाने के नाम से 10 हजार, महासमुंद निवासी डोलामणी चौहान से केन्द्रीय विद्यालय में नौकरी लगाने के नाम पर 30 हजार, नागपुर निवासी एक महिला से 2 लाख रूपये और बिहार निवासी एक व्यक्ति से 2 लाख रूपये और कई लोगों से भी ठगी कर रूपये, पैसे लेना बताया है। आरोपी द्वारा लगभग 20 लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी करना पाया गया है। मामले में आरोपी से घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी को सोमवार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में आरोपी द्वारा कारित घटना एवं आरोपी के विरूद्ध पूर्व अपराधिक रिकार्ड की जानकारी ली जा रही है।

# अज्ञात बाइक सवार युवक की मौत, पैदल यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी और साराडीह के बीच एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवक तेज गति से आ रहा था और उसने सड़क पर पैदल चल रहे एक व्यक्ति को ठोकर मार दी। इस टक्कर से पैदल यात्री को मामूली चोटें आईं, लेकिन बाइक सवार युवक गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही दम तोड़ गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संयुक्त टीम ने किया कंपनी का निरीक्षण

**महासमुंद**। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा शिवालिक पावर एंड स्टील प्रा.लि. ग्राम बेलसोंडा (महासमुंद) जाकर जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी (श्रम विभाग), सिद्धार्थ दुबे (नापतौल विभाग) उपस्थित रहे। जिसमें विधिक मापविज्ञान विभाग (नापतौल विभाग) की जांच में संस्थान में उपयोग किए जा रहे तौल उपकरण धर्मकांटे, छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण, थाट इत्यादि मानकों के अनुरूप व सत्यापित पाए गए। संस्थान में धर्मकांटे की जांच नियमित अंतराल समय-समय पर बाट द्वारा किए जाने के लिए निर्देशित किया गया एवं वजन में अधिक अंतर आने पर उपकरण का उपयोग तुरंत बंद कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिया गया। श्रम विभाग द्वारा जांच में दो ठेकेदारों के द्वारा श्रम अधिनियम अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना पाया गया। जिसका वैधता अवधि 31 दिसंबर 2024 होना पाया गया।

# ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने प्रदान की अनुग्रह राशि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारी से कुमारी दुर्गा पिता भूषण निषाद कक्षा 8वीं की छात्रा की असामयिक मृत्यु हो जाने के कारण विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिमगा द्वारा अनुग्रह राशि एक लाख रुपए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले द्वारा परिजनों को चेक के माध्यम से प्रदान की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना परीक्षा पे चर्चा के तहत समस्त शिक्षक, विद्यार्थियों एवं पालकों को प्रश्न पूछने का अपील की है। इसमें समस्त समन्वयकों ▶▶ शेष पेज 11 पर

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024–25 अंतर्गत विकासखंडवार सभी पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने 1 जनवरी के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम समय–अनुसूची निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। दावा–आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा–आपत्तियों का निपटान गुरुवार 9 जनवरी तक किया जाएगा। प्रारूप क–1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी तक है। प्रारूप क–1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी है। निराकरण आदेश पारित ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी तक किया जाएगा

# नववर्ष मनाने थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**सिमगा**। थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले होटल, रेस्टोरेंट में नववर्ष मनाने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसी परीपेक्ष में सिमगा थाना परिसर में सोमवार को तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा एवं थाना प्रभारी योगिता खापर्डे की उपस्थित में होटलों ढाबों एवं रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक आहुत की गई। जहां अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि डीजे साउंड नहीं बजाना है, साथ ही शराब पीने व पिलाते हुए पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा ने कहा कि कोई भी सार्वजनिक आयोजन करते हैं तो पहले उसका विधिवत अनुमति लेना होगा। बैठक में डीजे संचालकों के नहीं आने पर थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने नाराजगी व्यक्त की। उक्त मौके पर नगर के लोग पत्रकार भी मौजूद थे।

### बोरे में भरे धान का कराया दोबारा वजन, धान उठाव के बारे में की पूछताछ

# धान खरीदी केंद्र की जांच में पहुंचे कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

बिलासपुर राजस्व संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे ने सारंगढ़ ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र दानसरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। कमिश्नर कावरे ने उपार्जन केंद्र के सीसीटीवी कैमरा की क्षमता, कौन कौन स्थानों में सेटअप, स्टोरेज और पिछले दिनों का रिकॉर्ड का अवलोकन किया। खरीदे गए धान की नमी को मशीन से जांच करायी गई। साथ ही धान का वजन तौल कर परीक्षण किया। उन्होंने स्टैक के नीचे डबल डैनेज लगाने, बरदानों की उपलब्धता, धान खरीदी, राइस मिलर द्वारा धान का उठाव और मार्कफेड द्वारा धान का संग्रहण आदि व्यवस्था की जानकारी ली। कमिश्नर कावरे ने कहा कि किसानों को धान बिक्री में किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

कमिश्नर ने किसानों को माइक्रो एटीएम सुविधा से अब तक किए गए भुगतान के संबंध में पूछा तो प्रबंधक ने जानकारी दी कि अब तक एक लाख का एडवांस लिया गया है, जिसका 45 हजार का भुगतान किसानों को किया गया है। कमिश्नर ने कहा कि इतना कम भुगतान हुआ है। इसके प्रचार प्रसार के लिए समिति प्रबंधक को पोस्टर चिपकाने के निर्देश दिए और किसानों को जानकारी उपलब्ध कराएं कि माइक्रो एटीएम से दस हजार रुपए की आकस्मिक भुगतान समिति से प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान सारंगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रखर चंद्राकर, खाद्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी आत्मानंद स्कूल नरेश चौहान, तहसीलदार सारंगढ़ मनीष सूर्यवंशी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।



### धान का सही स्टैकिंग नहीं कराये जाने पर लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान धान की खरीदी, संग्रहण आदि के संबंध में कमिश्नर कावरे के द्वारा समिति प्रबंधक संतोष श्रीवास एवं नोडल अधिकारी नारायण प्रसाद से कृषकों से धान उपार्जन, धान उठाव एवं वर्तमान में संग्रहित धान की स्टैकिंग की जानकारी ली, जिस पर प्रबंधक द्वारा शासन के निर्देशानुसार सही–सही स्टैकिंग नहीं कराये जाने पर कमिश्नर ने फटकार लगाई और सही जानकारी नहीं देने के कारण कमिश्नर कावरे ने समिति प्रबंधक, नोडल अपेक्स बैंक, सहकारिता विस्तार अधिकारी को नोटिस जारी करने जिले के राजस्व, खाद्य, मार्कफेड, अपेक्स बैंक और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### श्रमिक पंजीयन कार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि आज

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुए 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका हैं तथा उनके द्वारा पंजीयन नवनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया हैं। ऐसे निर्माण श्रमिकों आज 31 दिसंबर तक नवीनीकरण हेतु श्रमेव जयते मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाइट, च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं तथा 31 दिसंबर के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### माता-बहनों को निडर बनाने के लिए आत्मरक्षा शिविर का समापन

**रायपुर।** मातृ शक्ति, माताओं-बहनों को निडर और सशक्त बनाने के लिए आयोजित सात दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया। यह शिविर देवेंद्र नगर स्थित गरबा ग्राउंड में लगाया गया था। इस अवसर पर साधु-संतों ने आशीर्वाद की वर्षा की। इस कार्यक्रम को संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद, किन्नर अखाड़ा साध्वी सौम्या, उपाध्याय निराहार, वेद प्रकाश महाराज, आयोजक विजय क्षत्री द्वारा अपने पिता स्व. लालचंद क्षत्री की स्मृति में आयोजित किया है। सहयोगी टीम झूलेलाल नवयुवक संघ है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा देखा सपना सच हुआ और प्रथम शिविर सफल हुआ था, उसके बाद द्वितीय शिविर आयोजित किया गया है। हम सभी 24 घंटे अपनी माता, बहन-मातृशक्ति के साथ नहीं रहते, इसके लिए हमें हमारे परिवार की हर मातृशक्ति को निडर, सक्षम, बनाने के लिए शिविर के आयोजन किए जाते हैं और सनातन धर्म संस्कृति से भी आज की युवा पीढ़ी अवगत हो, ये भी प्रयास रहता है।

### आशीर्वाद भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 5 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों के बीपी, शुगर, स्वास्थ्य की



जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिन की दवाईयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चंद्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव पं. गौरव शुक्ल, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### उपन्यास 'मोड़ के बाद' का विमोचन हुआ

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में पूर्व एडी. कलेक्टर निर्मल तिग्गा द्वारा लिखित पुस्तक मोड़ के बाद का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गनपत राव एवं अध्यक्षता विजय एक्का ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा पूर्व डीआईजी किशोर अग्रवाल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बीस जिलो से साहित्य में रूचि रखने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुस्तक की विस्तृत विवेचना साहित्यकार के.पी. सक्सेना ने की, उन्होंने कहा कि पुस्तक इतनी रोचक है कि कोई इसे पढ़ना प्रारंभ करता है तो वह व्यक्ति अंत तक पुस्तक को पढ़ने के लिये विवश सा हो जाता है। इस अवसर पर भूलनकांदा फिल्म के लेखक–डायरेक्टर, साहित्यकार संजीव बक्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पुस्तक मोड़ के बाद आदिवासी संस्कृति की एक मार्मिक और स्नेहित गाथा है। पुस्तक के लेखक निर्मल तिग्गा ने कहा कि इस उपन्यास में आदिवासी अंचल के एक व्यक्ति की यथार्थ घटना है, जिसे काल्पनिक नाम देकर उकेरने का प्रयास किया है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह उपन्यास अत्यंत रोचक है, आदिवासी अंचल की रीतियो, भारतीय संस्कृति और वेदो की उक्तियो से ओत–प्रोत है और यथार्थ घटना को उपन्यास का रूप देने का कल्पनातीत एवं अनुपम कार्य किया गया है।

# पीएससी का इंग्लिश प्रेम..! मात्र 13 विषय के प्राध्यापकों को बुलाया सत्यापन के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विवादों से जूझ रहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग अपनी गलतियां बार-बार दोहरा रहा है। इससे प्राध्यापक पद के दावेदार हलाकान हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इन पदों के दावेदारों का दस्तावेज सत्यापन पीएससी द्वारा करते हुए आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, लेकिन पीएससी को इंग्लिश सहित कुछ विषयों से ऐसा प्रेम हुआ कि इनके अतिरिक्त अन्य विषयों के उम्मीदवारों को बुलाना तो दूर अधिसूचना जारी करना भी राज्य लोक सेवा आयोग भूल बैठा। दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया पहले से ही विवादों में रही है। पीएससी ने सर्वप्रथम 2 से 16 दिसंबर तक सभी 30 विषयों के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विशेषज्ञ ना होने के कारण प्रथम दिवस चार घंटे में एक भी उम्मीदवार के दस्तावेज जांचे नहीं जा सके थे। इसके बाद पीएससी ने इसे रद्द कर दिया था। पुनः अधिसूचना जारी करते हुए पीएससी ने 13 विषयों के 255 उम्मीदवारों को 10 से 17 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया। इन 13 विषयों के अलावा शेष विषयों के उम्मीदवार अब भी बुलावा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती**



- मात्र 13 विषयों में ही दस्तावेज सत्यापन, शेष के लिए अधिसूचना भी नहीं
- हिंदी-वेद वाले अभ्यर्थी ताक रहे राह, लोक सेवा आयोग ने भुलाया

#### नहीं मिल रहे हैं विशेषज्ञ

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पीएससी को प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज का सत्यापन करने विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। प्राध्यापक पद के लिए रिसर्च वर्क सहित अन्य अकादमिक कार्यों की गणना होती है। रिसर्च प्रकाशन सहित अन्य कार्यों के स्तर के अनुसार उनके लिए अंक निर्धारित होते हैं। इन अंकों का निर्धारण करने के लिए पीएससी को विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में भी पीएससी को एक्सपर्ट नहीं मिलने के कारण ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में पीएससी ने प्रक्रिया बदलते हुए ऑनस्पॉट सत्यापन करने के स्थान पर अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने कहा था।

#### इन विषयों का सत्यापन पूर्ण

अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान।

#### इन विषयों के उम्मीदवार कर रहे इंतजार

हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य शास्त्र, मनोविज्ञान, वेद और सूचना प्रौद्योगिकी।

## दिसंबर में नान ट्रेड 40 और खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए पहले ही कर चुके हैं महंगा

# नए साल में नॉन ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और होगा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नए साल में प्रदेश की सीमेंट कंपनियां नान ट्रेड और खुले बाजार का सीमेंट 15-15 रुपए और महंगा करने वाली हैं। ऐसे में नान ट्रेड सीमेंट 55 रुपए और खुले बाजार का सीमेंट 35 रुपए महंगा हो जाएगा। दरअसल छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है, सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है, कीमत कम कर देती हैं। प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते चार माह से यही सब चल रहा है। अब तो सप्लाई भी कम कर दी गई है। बाहर के राज्यों में भरपूर सीमेंट भेजा जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ में जितने की जरूरत है, नहीं दिया जा रहा है।

बीते माह नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए। हरिभूमि में खबर का प्रकाशित होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। अब फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। अब फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे में खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 305 से 320 रुपए हो जाएगा, वहीं यह चिल्हर में 330 से 350 रुपए में बिकेगा।



#### दाम पर कोई अंकुश नहीं

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।

#### चिल्हर में दाम हो जाएंगे साढ़े तीन सौ

सीमेंट कंपनियों ने इस माह खुले बाजार के सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाए। अगले माह दाम फिर से 15 रुपए बढ़ने पर बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले इस समय अलग-अलग कंपनियों का सीमेंट थोक में 60 बोरी लेने पर 295 से 320 रुपए हो जाएगा। इसमें तीन रुपए प्रति बोरी अनलोडिंग का शुल्क अलग है। इसी के साथ एक टन का भाड़ा भी दो सौ रुपए लिया जाता है। अगर कोई ग्राहक चिल्हर में दो से पांच बोरी सीमेंट लेगा तो उसके घर की दूरी के हिसाब से कीमत 330 से 350 रुपए तक हो जाएगी।

#### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने नवंबर में प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर प्रकाशित हुई तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे कर अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसे भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। इसके बाद दिसंबर में फिर से दाम बढ़ाए गए और अब नए साल में फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है।

# कैट ने की क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नियम-कानून के उल्लंघन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से हस्तक्षेप का आग्रह

कैट के पदाधिकारियों ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र भेजकर क्विक कॉमर्स कंपनियों पर निगरानी लागू करने की मांग की है। साथ ही इन कंपनियों पर विदेशी निवेश के जरिए प्राप्त धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने बताया, कैट ने रविवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री को एक पत्र भेजकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।

कैट ने कुछ दिन पहले इस मुद्दे पर एक श्वेतपत्र भी जारी किया था, जिसकी एक प्रति श्री गोयल को भी भेजी है। कैट इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी एक पत्र के साथ श्वेतपत्र भेज रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि व्यापारिक हित के इस मुद्दे को लेकर शीघ्र ही वे व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल लेकर श्री गोयल से मिलेंगे। इस मुद्दे सहित अन्य ज्वलंत व्यापारिक विषयों को लेकर कैट 6 और 7 जनवरी को दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सेमिनार आयोजित कर रहा है।

#### डॉर्क स्टोर से सामान सप्लाई गलत

श्री पारवानी ने बताया कि क्विक कॉमर्स कंपनियों ने एफडीआई के जरिए 54 हजार करोड़ रुपए से अधिक धनराशि प्राप्त की है, जबकि इस निवेश का उपयोग न तो बुनियादी ढांचा निर्माण में किया, न ही दीर्घकालिक परिसंपत्तियों में। इस एफडीआई का उपयोग व्यापार करने में हो रहे घाटे को कवर करने, सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखने और कुछ अपने चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से डीप डिस्काउंट दिए जाने के लिए किया गया है, जो कि बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने सैकड़ों की तादाद में देश में विभिन्न स्थानों पर अपने डार्क स्टोर बनाए हैं, जिनके जरिए ये सामान की सप्लाई करती हैं, जबकि नियमों के अनुसार ये कंपनियां किसी भी रूप में कोई स्टोर नहीं बना सकतीं।

# फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना, मतदाता सूची का प्रकाशन 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी होने के बाद चुनाव के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा, इसके बाद ही राज्य में आचार संहिता लगेगी। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं।

15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, जिस कारण यह तय है कि प्रदेश के ऐसे निकाय, जहां चुनाव होना है, वहां प्रशासक का बैठना तय है। वहीं फरवरी महीने में अगर पंचायत चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए नए सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोट डालने का मौका मिलेगा, जिनका पुरानी मतदाता सूची में नाम छूट गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।




- 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता जुड़ेंगे सूची में

#### नगरीय निकायों में थे 43.90 लाख मतदाता

पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था। अंतिम प्रकाशन में नगरीय सभी जिलों के नगरीय निकायों में 43 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता थे। अब नए सिरे से पुनरीक्षण के बाद इसमें वृद्धि होने के अनुमान हैं। बताया जाता है कि पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में 1.45 करोड़ मतदाता होने की जानकारी सामने आई थी, पुनरीक्षण के बाद इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

#### प्रशासक का बैठना तय

नगरीय निकायों में प्रथम सम्मेलन की तिथि 5 जनवरी से शुरू हो रही है। इस अवधि के पहले निर्वाचन आयोग को चुनाव कराना होता है, इस बार 15 जनवरी तक चुनाव नहीं होंगे। ऐसे में प्रदेश के वे निकाय, जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रशासक बैठाना होगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में प्रथम सम्मेलन की तिथि फरवरी के दूसरे सप्ताह में है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां भी प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। चुनाव होने से नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के विकास में जनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं होगी।

### नहीं मिल रहीं 'सिंगल गर्ल चाइल्ड', बढ़ाई गई आवेदन तिथि

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तिथि को बढ़ा दिया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों को इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना है वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। यह स्कॉलरशिप उन सभी अविवाहित छात्राओं को दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 70 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं, जिनकी ट्यूशन फीस शैक्षणिक वर्ष के दौरान 2500 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है।

# नरैया तालाब में टॉय ट्रेन और बटरफ्लाई पार्क के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुम्बा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन-6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत रंगीन



तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटरफ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा। राजधानीवासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी। इसी तरह मल्टी-एक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुम्बा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनाया जाएगा।

# टिकरापारा विवाद, दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हत्या की कोशिश, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

लेनदेन के विवाद को लेकर तीन दिन से आपस में लड़ रहे दो पक्षों के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ लोगों को हत्या की कोशिश, बलवा, तोड़फोड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। यहां के रहवासियों ने शनिवार को पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था। लेनदेन के विवाद पर एक-दूसरे के साथ मारपीट, जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने मोहसीन खान, अभिषेक रावलानी, आसिफ मेमन, अब्दुल दानिश, सोहेल शेख, जिबरान सैफ, सलमा खान तथा श्रेया वैष्णव को गिरफ्तार किया है। लेनदेन के विवाद में 26 दिसंबर को फाल्स सिलिंग कारोबारी मोहम्मद अली की दुकान में जिबरान, आमिर एवं मोहम्मद अली, अहमद हफसैन, फिदा हुसैन ने आपस में वाद-विवाद करते हुए आपस में मारपीट की थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दूसरे दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन 28 दिसंबर को दोनों पक्ष आपस में फिर भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। एक पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर घेराव कर दिया था।

### कांपा में देव मड़ई मेला का आयोजन 11 को

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा में 11 जनवरी शनिवार को देव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सुबह 9 बजे गांव के कुल देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर को यादव समाज द्वारा राउत नृत्य किया जाएगा। मेला कार्यक्रम 3 बजे शुरू होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोती साहू, जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण, जनपत सदस्य आरिन चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, सरपंच संदीप चंद्राकर, सचिव नारायण साहू, अध्यक्षता भोलाराम साहू, ललित सोनी उपस्थित होंगे। रात्रि 10 बजे ग्राम कुसमी साल्हेभाठा वाले का छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पुनीत राम साहू, गयालाल जांगड़े, झाला सतनामी, लक्ष्मण सोनी, नेहरू प्रजापति, आशाराम चंद्राकर, तुलसीराम साहू, प्रताप साहू, लेखराम विश्वकर्मा, शरीफ खान, यूसुफ खान, फूलचंद यादव, बसंत यादव, प्रीतम साहू, प्रखर सोनी आदि जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी नरसिंग यादव ने दी।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रम मंत्री से तुषार ने की मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात की। और ज्ञापन देकर कहा कि महासमुंद जिले से पलायन रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाना चाहिए। श्रम विभाग में संचालित योजनाओं को मजूदरों तक पहुंचाने के लिए विभाग के अधिकारियों को गांव-गांव में जागरूकता कैंप लगाकर मजूदरों को सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने की मांग की।

## पेज 9 के शेष

### ब्लाक शिक्षा अधिकारी ...

को इस बिन्दु पर शिक्षक, प्रधानपाठक एवं पालकों से परीक्षा पे चर्चा करने हेतु प्रश्न पूछने हेतु रजिस्ट्रेशन करने एवं करवाने हेतु निर्देश दिया गया एवं साथ में अपार आईडी, जाति निवास, 5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा और साथ में अन्य अकादमिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा की गई। इसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किरण कुमार वर्मा, भीम सिंह वर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिमगा एवं समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

### फोटोयुक्त निर्वाचक ...

होने के 5 दिवस के भीतर दावा–आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्र करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी तक किया जाएगा।

# अभियंता अलंकरण समारोह में सर्वोत्तम अभियंता अवॉर्ड से सम्मानित हुए ईई मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह 2024 में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यपालन अभियंता के रूप में पदस्थ मनोज कुमार ठाकुर को सर्वोत्तम अभियंता अवॉर्ड को सम्मानित किया गया। उक्त पुरस्कार जल जीवन मिशन में बेहतर कार्य करने लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व गौ आयोग अध्यक्ष रामसुंदर दास महंत, सेवानिवृत्त आईएएस शरद चंद्र बेहार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

रायपुर शहर में आयोजित मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह 2024 में अवसर पर उत्कृष्ट अभियंताओं को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया। इनमें अभियंता कर्मरत्न, अभियंता प्रतिभा रत्न, अभियंता रत्न, सर्वोत्तम अभियंता और लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से राज्य के अभियंताओं के समर्पण, प्रतिभा और समाज में उनके योगदान को सराहा गया।

### अभियंता किसी भी समाज के आधार स्तंभ होते हैं

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा अभियंता किसी भी समाज के आधार स्तंभ होते हैं। उनकी कड़ी मेहनत और नवीनता के बल पर ही समाज में प्रगति और खुशहाली आती है। उनका योगदान आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने में बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य के निर्माण और विकास में अभियंता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे समाज के भौतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास के आधारशिला रखते हैं। अभियंता आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और अपनी विशेषज्ञता का उपयोग कर राज्य को प्रगति की ओर अग्रसर करते हैं।

### जल जीवन मिशन में बेहतर कार्य करने लिए प्रदान किया गया




### कलेक्टर ने दी बधाई

पुरस्कार मिलने पर कलेक्टर दीपक सोनी ने मनोज कुमार ठाकुर को बधाई दी है। उन्होंने कहा आपका पुरस्कार कार्यक्षमता की वृद्धि का प्रतीक है। आपके कार्य से आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले इस हेतु सदा बेहतर कार्य करते रहना है।

## शिविर : प्रकृति परीक्षा अभियान से 12 सौ से अधिक लाभान्वित

# शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्रकृति वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत भारतीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में अध्ययनरत फाइनल इयर के छात्र तनमय सिंह राजपूत ने हिरमी के नारीशक्ति संघ व एजुकेशनल इंस्टिट्यूट सहित क्षेत्र में शिविर का सफल संचालन किया। इसमें 1200 से अधिक संस्था व नगर ग्राम के बच्चे और नागरिकों ने प्रकृति परीक्षण करवाया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। शिविर में आयुर्वेद के छात्रों ने भी सहभागिता की और नागरिकों को उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की प्रकृति वात, पित्त, कफ के अनुसार आहार और दिनचर्या का महत्व बताया। ग्रामीणों ने इस अभियान का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया।



### सम्पूर्ण स्वास्थ्य और दीर्घायु का आधार है

उन्होंने यह भी कहा कि भारत की यह प्राचीन चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों से बचाव करती है, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य और दीर्घायु का आधार है। लोगों ने प्रकृति परीक्षण करवाकर इस प्रक्रिया की गहराई को समझा और सभी को इसे अपने जीवन में अपनाने की बात कही। प्रकृति परीक्षण कराने वाले लोगों ने कहा कि परीक्षण के दौरान पूछे गए प्रश्न सरल लेकिन प्रभावी थे। इन प्रश्नों ने उन्हें अपने दैनिक जीवन की आदतों पर पुनर्विचार करने प्रेरित किया।

### प्रकृति के अनुसार जीवनशैली अपनाये

उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार ऋतुचर्या और आहार–विहार का पालन करने से न केवल रोगों से बचा जा सकता है, बल्कि पहले से मौजूद बीमारियों को भी नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य के लिए अपनाएं आयुर्वेद अपनी प्रकृति के अनुसार जीवनशैली अपनाने और अपने सभी परिवार के सदस्यों को नजदीकी आयुर्वेद केंद्र पर प्रकृति परीक्षण कराने की सलाह दी।

### आहार–विहार का पालन कर

आयुर्वेद के छात्र तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि आज 90 बीमारियों की जड़ अनियमित जीवनशैली असंतुलित आहार और अनियमित दिनचर्या है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि व्यक्ति अपनी प्रकृति को समझकर उसके अनुरूप आहार–विहार का पालन करें, तो वह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है, बल्कि दीर्घायु का भी लाभ उठा सकता है।

# क्रिटिकल केयर अस्पताल के निर्माण में तेजी, क्षेत्रवासियों को जल्द मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

क्षेत्रवासियों को 13 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर अस्पताल की सौगात मिली है, जिसका निर्माण कार्य स्थानीय नवीन हाई स्कूल परिसर में युद्ध स्तर पर चल रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टर एवं प्रशिक्षित स्टाफ की नियुक्ति के साथ आधुनिक मशीनों का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रयास से भाटापारा क्षेत्र को एक सर्व सुविधा युक्त पैथोलॉजी लैब मिलने जा रहा है। उक्त लैब का निर्माण क्रिटिकल केयर अस्पताल के साथ तीव्र गति से चल रहा है। विगत वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा एक सर्व सुविधायुक्त अस्पताल और पैथोलॉजी लैब की मांग की जाती रही है। निजी क्षेत्र के पैथोलॉजी लैब में अत्यधिक शुल्क होने के कारण गरीब एवं मध्यम वर्गी परिवार द्वारा स्तरीय जांच करवा पाना मरीजों के लिए कठिन होता जा रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा केंद्रीय मंत्रियों से सतत सम्पर्क कर भाटापारा क्षेत्र को बड़ी सौगात दिलाई है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ क्षेत्र की जनता को आने वाले दिनों में मिलेगा।

■ आधुनिक मशीनों का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा।

### आज देवपुर में जैतखाम का उद्घाटन

**धमतरी।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण द्वारा 31 दिसंबर को देवपुर के डोंगेश्वर धाम में ब्लॉक स्तरीय जयंती कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। इस दौरान नवनिर्मित जैतखाम का उद्घाटन किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### दुकान के सामने गाड़ी रखी तो, मारपीट

**महासमुंद**। दुकान के सामने गाड़ी खड़ा कर पानी लेने गए एक शख्स और उसके साथी के साथ किराना व्यवसायी बाप-बेटे ने मारपीट कर दी। सरायपाली पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले की विवेचना शुरू कर दी। ग्राम बिरकोल निवासी परमेश्वर सोनी 28 दिसंबर की रात 8:30 बजे रवि त्रिपाठी के किराना दुकान के पास पानी लेने अपने साथी तरूण श्रीवास के साथ अपनी वाहन फोर्ड फिस्टा क्रमांक ओआर02 बीजे 0023 से गया था। वाहन को प्रार्थी ने रविनारायण त्रिपाठी के किराना दुकान के पास खड़ा किया था, तभी रविनारायण त्रिपाठी के पिता कृष्णराज त्रिपाठी आए और कहा कि यहां गाड़ी क्यों खड़ी किए हो। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि टंकी से पानी भरने आया हूं तो उसने अपने लड़के रविनारायण त्रिपाठी को फोन कर बुलाया इसके बाद दोनों ने यहां गाड़ी खड़ी करने किसने कहा है कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। जब प्रार्थी के साथी तरूण श्रीवास बीच बचाव किया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### प्रावीण्य सूची में फगेश्वर आठवें स्थान पर

**महासमुंद**। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मास्टर डिग्री के लिए आयोजित एमए हिंदी का नियमित विद्यार्थी के रूप में क्षेत्र के फगेश्वर साहू ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर नियमित अध्यापन किया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी एमए हिंदी परीक्षा 2024 के प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। फगेश्वर, डाइट महासमुंद में कार्यरत हीरामन साहू एवं नर्मदा साहू के सुपुत्र है। इस विशिष्ट उपलब्धि पर उनके ग्रामीणजनों सहित डाइट महासमुंद के अकादमिक और कार्यालयीन स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

### सरपंच पद का प्रभार देने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद**। ग्राम पंचायत अछोला के सरपंच कमल नारायण साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश का पालन करते हुए सरपंच पद का प्रभार देने की मांग की है। सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर (छग) द्वारा आदेश 20 दिसंबर 2024 के तहत अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर, कमिश्नर के आदेशों को स्थगित कर दिया गया है। उक्त आदेशों के प्रतिपालन में साहू ने सरपंच पद का प्रभार तत्काल प्रदान करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर पुनः उच्च न्यायालय की शरण लेने ने की बात कही है। सरपंच ने कहा कि उन्हें प्रभार नहीं दिया गया तो उच्च न्यायालय बिलासपुर में अवमानना याचिका प्रस्तुत करूंगा।

## निधन

### भजो यादव

**मुंडा**। ग्राम मुंडा निवासी भजो



यादव 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भाठा मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ग्रामवासी शामिल हुए। वे सुनहार यादव के पिताजी थे।

# कथा कभी समाप्त नहीं होती, विराम लेती है : मानस विदुषी चंद्रकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

## रामचरित और रामराज्य के वर्णन के साथ कथा की पूर्णाहुति





नगर भवन में आयोजित रामकथा महोत्सव के समापन दिवस सोमवार को सारगर्भित प्रवचन में मानस विदुषी चंद्रकला ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र और रामराज्य की अवधारणा को श्रोताओं के समक्ष अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउण्डेशन द्वारा आयोजित रामकथा महोत्सव को श्रवण करने प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन भी कथा स्थल पहुंचने से गत सात दिनों से नगर का वातावरण धर्ममय बना रहा। समापन दिवस पर विदुषी चन्द्रकला ने सुंदरकांड और लंका कांड के प्रमुख प्रसंगों का वर्णन करते हुए रामायण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने रावण वध और भगवान श्रीराम के अयोध्या में राज्याभिषेक का भावपूर्ण विवरण देते हुए समाज में रामराज्य की आवश्यकता और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड रामचरितमानस का सबसे सुंदर और महत्वपूर्ण भाग है, जिसका अध्ययन हमें जीवन के श्रेष्ठ मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

### घर की चाबी भरोसेमंद को ही दी जाती है

विदुषी चन्द्रकला ने अपने समापन उद्बोधन में आयोजक समिति की अच्छी व्यवस्था पर प्रसन्नता जाहिर करने के साथ कहा कि यहां उपस्थित प्रदेश के युवा कल्याण, खेलकूद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा की सक्रियता एवं संवेदनशीलता दर्शाती है। शासन ने श्री वर्मा को खेल–कूद एवं कल्याण विभाग का प्रभार देकर यह साबित कर दिया है कि वे ऊर्जा और स्फूर्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घर की चाबी केवल भरोसेमंद व्यक्ति को ही सौंपी जाती है। श्री वर्मा को राजस्व विभाग सौंपना यह दर्शाता है कि उनकी इमानदारी और जनता के प्रति प्रतिबद्धता पर पार्टी तथा सरकार को भरोसा है।

**रामराज्य की स्थापना पर जोर:** विदुषी चंद्रकला ने रामराज्य की परिभाषा देते हुए कहा कि यह एक ऐसा आदर्श राज्य है जहां भ्रष्टाचार, घृणा और अन्याय के लिए कोई स्थान नहीं है। आज के समाज में रामराज्य की स्थापना तभी संभव है जब हम श्रीराम के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि गुरुकृपा के बिना आत्मबोध और राम के गुणों को अपनाना कठिन है।

## रिकार्ड : भीषण हिंसा राष्ट्रीय स्तर पर रही चर्चित

# बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में आगजनी और तोड़फोड़ के लिए जाना जाएगा वर्ष 2024

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वर्ष 2024 की विदाई के साथ नए साल की शुरुआत हो रही हैं। नए साल के आगाज से पहले विदा हो रहे वर्ष में जिला की बड़ी घटनाओं और उपलब्धियों पर नजर डाले तो एक ओर जहां 10 जून को जिला मुख्यालय में कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय को जला दिये जाने जैसी बड़ी घटना पूरे प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीति के क्षेत्र में कई दशकों बाद बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल करने से क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों में एक नई उम्मीद जगी है।

जिला में स्थापित सीमेंट संयंत्रों के लगातार विस्तार से सड़क यातायात पर बढ़ता दबाव व नशाखोरी के चलते जिले में वाहन दुर्घटनाओं का आंकड़ा लगातार बढ़ना चिंता का विषय है।

### बारनवापारा में 40 साल बाद दिखा बाघ

वन विभाग ने इस बात की तस्दीक की है कि बलौदाबाजार में 40 साल बाद बाघ नजर आया है। बाघ की मौजूदगी को लेकर लोगों को अलर्ट रहने के निर्देश भी प्रशासन ने दिए, लेकिन बाघ के शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद वन विभाग द्वारा उसे रेस्क्यू कर तमोर पिंगला अभ्यारण्य में छोड़ दिया गया, जिससे बारनवापारा अभ्यारण्य जाने वाले सैलानियों को निराशा हो रही है।



### फिल्म के हीरो और डायरेक्टर गए जेल

सतनाम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में छत्तीसगढ़ी फिल्म के हीरो और निर्देशक दोनों को जेल की हवा खानी पड़ी। हीरो और फिल्म के डायरेक्टर पर सतनाम समाज की धार्मिक भावनाओं से छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगा।

### कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय में तोड़फोड व आगजनी

अमर गुफा में जैतखंभ को तोड़ने की घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों द्वारा बलौदाबाजार में आयोजित विरोध प्रदर्शन के उग्र रूप धारण कर लेने तथा कई वाहनों समेत कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना अकल्पनीय थी। उक्त घटना को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस द्वारा एक दूसरे पर दोषारोपण करना व पुलिस द्वारा मामले में एक दर्जन से अधिक मामले में अपराध पंजीबद्ध कर 300 से अधिक लोगो को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें भिलाई के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव को भी आरोपी बनाया गया है।

### जनपद पंचायत की संपत्ति कुर्क

छत्तीसगढ़ के इतिहास में शायद ये पहला मौका था, जब किसी जनपद पंचायत की संपत्ति कुर्क की गई हो। उच्च न्यायालय द्वारा मुआवजा दिये जाने वाले आदेश का पालन नहीं करने वाले मामले में जारी कुर्की आदेश का परिपालन करते हुए तहसीलदार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा जनपद पंचायत में रखे फर्निचर, जिसमें सीईओ और जनपद अध्यक्ष तक की कुर्सी भी कुर्क कर ले गये।

### अंचल में नकली नोट का कारोबार

बलौदाबाजार पुलिस ने नकली नोटों के खिलाफ कार्रवाई करते 2 लाख 32 हजार के नकली नोट बरामद किए। नकली नोटों के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया पकड़े गए लोगों के पास से नकली नोट बनाने और छापने की मशीन भी मिली. पुलिस की जांच में पता चला कि पकड़े गए लोग रायपुर के भाठागांव में किराए का मकान लेकर नकली नोट बना रहे थे।

### 4 लोगों की निर्मम हत्या

ग्राम छरछेद में एक परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या की घटना जिसमें 11 माह का एक बच्चा भी शामिल था। हत्या की वारदात को अंजाम पत्थर तोड़ने वाले हथौड़े से दिया गया था, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया। हत्या के पीछे जादू टोने किए जाने का शक था।

### सड़क हादसे में निरंतर वृद्धि चिंता का विषय

जिला में लगातार सीमेंट संयंत्रों के विस्तार से सड़क मार्ग पर बढ़ता दबाव और नशा कर वाहन चलाने के बढ़ते मामले से जिला में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है। वर्ष 2024 के दौरान जिला में सड़क दुर्घटना के 618 मामले में 270 लोगों की मौत व 447 लोग घायल हुए हैं। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 875 लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया।



# चेस टूर्नामेंट में अदिति प्रदेश में प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बांगड़ पब्लिक स्कूल की प्रतिभावान छात्र अदिति पाण्डे ने ऑल इंडिया स्मार्ट गर्ल ओपन चेस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हाल ही में राजनांदगांव में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अदिति ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। विजेता के रूप में अदिति को 5 हजार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अदिति को बधाई दी और कहा कि अदिति की यह सफलता केवल विद्यालय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। अदिति की इस सफलता पर उनके परिवार, विद्यालय तथा शिक्षा और खेल जगत से जुड़े अनेक व्यक्तियों ने अदिति की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शिविर में 115 मरीजों की हुई नेत्र जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग और श्री गणेश विनायक नेत्र संस्थान रायपुर द्वारा ग्रामीण विकास परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य वृद्धों, महिलाओं एवं उन मरीजों को इलाज उपलब्ध करना था, जो नेत्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे हैं और इलाज के लिए बाहर नहीं जा सकते।

इस पहल का प्रमुख उद्देश्य शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना है, जिससे नेत्र संबंधी बीमारियों में कमी आए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो पाए। शिविर के दौरान मरीजों की जांच की गई और जांच के बाद मरीज को चश्मा भी उपलब्ध कराए गए तथा जिन मरीजों को नेत्र में समस्या थी, उन मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गयी तथा जांच हेतु आगे आने वाले कैंप में आने कहा गया। शिविर में निकट के ग्राम कुल 115 से भी अधिक मरीजों का इलाज किया गया, जो निकटस्थ ग्रामों से आए हुए थे। शिविर में अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी और आशुतोष खरें उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग से तारिणी राजपूत, उमाशंकर धीवर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामा साहू, सविता वर्मा तथा हेमलाल साहू का विशेष योगदान रहा।



### डीएमएफ के सदस्य बने अभिषेक

**सिमगा**। जिला खनिज न्यास समिति बलौदाबाजार के सदस्य के लिए क्षेत्रीय सासंद बृजमोहन अग्रवाल एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अनुशंसा पर ग्राम बनसांकरा के सरपंच अभिषेक साहू का मनोयन किया गया है। श्री साहू ने मनोयन पश्चात प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज जैन एवं राहुल साहू अध्यक्ष साहू परिक्षेत्र उपस्थित थे।

# शराब की अवैध बिक्री से बिगड़ा ग्रामीण माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

■ खुलेआम शराब बेच रहे कोचियों को पुलिस का डर तक नहीं

पुलिस थाना गिधपुरी अंतर्गत विभिन्न स्थान में अवैध शराब की बिक्री के चलते नवयुवक सहित मजदूर किसान शराब की लत में है। थाना के समीप ग्राम बिजराडीह, भरुवाडीह, सुंदरावन, लटेरा बोहरडीह, जुनवानी, तेलासी सहित विभिन्न ग्रामों में कोचिया द्वारा बेखोब महुआ शराब देसी और विदेशी शराब गांव के चौक चौराहा, सामुदायिक भवन एवं शासकीय भवन के आसपास बिक्री की जा रही है। कई लोग शराब पीने के बाद रोड में ही पड़े रहते एवं और अपशब्दों का प्रयोग करते हुऐ खड़े रहते हैं, जिससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों में भय व्याप्त रहता है। इससे छात्राएं स्कूल जाने से हिचकने व उनके पढ़ाई लिखाई में बधा आ रही हैं।

पुलिस थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा शासन के आदेश अनुसार समय–समय पर ऑपरेशन विश्वास के तहत अभियान चला कर चौक चौराहे पर शराब पीकर ड्राइविंग करने वाले लोगों की चेकिंग कर करवाई की जाती हैं। इसके बावजूद शराब कोचियों द्वारा अधिक मात्रा में अंचल पर शराब लाकर बेचना समझ से परे हैं। आखिर क्षेत्र में इतनी अधिक मात्रा में अवैध शराब कैसे प्राप्त हो जाती है। ऑपरेशन विश्वास के तहत ड्राइवर को तो कार्रवाई की जाती है, परंतु वहीं पर अवैध शराब बेचने वाले लोग पर कारवाई नहीं की जाती है। ऐसे में यह लगता है कि थाना प्रभारी एवं स्टाफ की मिली भगत से शराब कोचिया फल फूल रहे हैं। जनप्रतिनिधि एवं लोगों द्वारा इस संदर्भ बताया जाता है तो शराब कोचिया का नाम बताने पर केचिया गाली गलौज पर उतर जाते हैं, जिससे लोगों में डर बना रहता है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने कहा कि विशेष टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# नहरडीह में प्रधान पाठक ने कार्यभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शीतकालीन अवकाश के पूर्व रायपुर जिले में 220 सहायक शिक्षकों का प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति हुई। यह पदोन्नति स्पष्ट पारदर्शी तरीके से काउंसिलिंग के माध्यम से नियमानुसार रिक्त स्थान वाले विद्यालयों में अभ्यर्थियों को मनचाहा जगह प्रदान कर किया गया। संकुल केंद्र पचरी के प्राथमिक शाला नहरडीह जो कि एकल शिक्षकीय विद्यालय था, वहां पदोन्नति होने पर सरिता वर्मा ने प्रधान पाठक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा उन्हें गुलदस्ता व श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सहायक शिक्षक प्रदीप कुमार खूंटे, संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे, संकुल समन्वयक कांत कुमार व संकुल मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बधाई दी।

# गुरु बाबा ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

■ घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक इंद्र साव



ग्राम दुलदुला में गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई गई। विधायक साव के दुलदुला पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि मनमोहन बंजारे के नेतृत्व में ग्रामवासी एवं सतनामी समाज के लोगों ने आतिशबाजी एवं फूल माला से स्वागत किया। विधायक साव के साथ ईश्वर सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, सत्यजीत सेंडे का भी स्वागत समाज के लोगों ने किया गया।

विधायक साव ने बाबा गुरु घासीदास जयंती पर ग्राम वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने मानव जाति को मनखे– मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता एवं मानवता का पाठ पढ़ाया है।

श्री साव ने इस अवसर पर मंच के विस्तारीकरण के लिए अपने मद से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर राज महंत जगमोहन मारकंडे, ईश्वर सिंह ठाकुर, सत्यजीत सेंडे, गीतेश खंडेलवाल, पुरुषोत्तम साहू, शेषनारायण बंजारे, मोहन खंडेलवाल, भागीरथी साहू, पीला दास बारले, बंसीलाल, विजय बंजारे, संतु बंजारे, व्यास नारायण आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport